14-Jun- KORIYA-Bhoomi pg-1 JECKAT_Layout 1 6/14/2024 8:05 PM Page 1


हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

# कोरिया भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024





हरिभूमि 24 वर्ष
हरिभूमि
समाचार ही नहीं विचार भी
बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


























































तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 15 जून 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 वन विभाग अभियान चलाकर करेगा दो लाख पौधों का रोपण



## खबर संक्षेप

### नवीन कंपोजिट मदिरा दुकान अब चैनपुर में

**मनेन्द्रगढ़।** घरौंदा सेंटर चैनपुर के समीप अवस्थित देशी मदिरा दुकान मनेन्द्रगढ़ के लिए नवीन स्थल, भवन चयन के लिए निविदा की अद्यतन कार्रवाई निर्धारित समयावधि 8 अप्रैल को निविदा प्रपत्रों के परीक्षणोपरांत अजीत सिंह नैना के स्वामित्व की भूमि, ग्राम चैनपुर प.ह.न. 09 तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी (छ.ग.)भूमि खसरा नंबर 159/20 रकबा 0.023 पर निर्मित भवन का चयन देशी मदिरा दुकान मनेन्द्रगढ़ के संचालन के लिए किया गया है। वर्तमान में देशी कंपोजिट मदिरा दुकान मनेन्द्रगढ़ का संचालन उक्त नवीन चयनित स्थल में 11 जून से किया जा रहा है।

### सब्जी बाजार से बाइक पार, मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय सब्जी बाजार क्षेत्र से एक व्यक्ति का बाइक अज्ञात ने चोरी कर ली, जिसकी रिपोर्ट पीड़ति से सिटी कोतवाली में दर्ज कराई, इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। चोरी के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ति झलेश्वर प्रसाद साहू निवासी मंडलपारा बैकुंठपुर जोकि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत है। घटना दिवस 12 जून को बाइक क्रमांक सीजी 16 सीबी 4701 को जोड़ा तालाब के पास आरए सब्जी भंडार के पास बाइक खड़ी कर पिता राम कुमार साहू की सब्जी दुकान पहुंच कर दुकान समेटने में सहयोग करने गया था। रात्रि 9 बजे जहां बाइक खड़ी की थी, उसकी बाइक वहां पर नहीं मिली, जिसकी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। बाइक गुम होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

### 150 बोरी अवैध कोयला जब्त



**कोरिया कॉलरी।** चिरमिरी एरिया कोयलांचल नगरी होने के कारण यहां के भू-भाग में कोयला की प्रचुरता भरी हुई है, लिहाजा कुछ खदाने चल रही है और कई खदाने बंद हो चुकी है, ऐसे में अक्सर अवैध कोयला के कारोबार को लेकर माहौल गर्म बना रहता है, ऐसा ही कुछ बीते दिन सामने आया, बात हड़ियाडीह आमानाला डोमनहिल का है, जहां से कोरिया पुलिस ने सीमेंट के बोरे में भरे 150 बोरा अवैध कोयला बरामद कर जब्त किया है और 102 जा.फौ.के तहत कार्रवाई किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस जगह में काफी पहले से कोयला का अवैध खनन किया जाता रहा है और आसपास समेत कई दूर-दराज इलाकों में अवैध तरीके से बेचकर मोटी रकम कमाने का धंधा धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोरिया पुलिस ने बताया कि मुखबीर के द्वारा इसकी जानकारी मिली, तब पुलिस सख्ती दिखाते हुए मौके पर पहुंच 150 बोरा कोयला जब्त की। कार्रवाई के दौरान चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक जय कुमार ठाकुर सहित अन्य पुलिस कर्मी का सहयोग रहा।

### मृतकों के वारिसों को 24 लाख की मंजूरी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक 6 (4) के परिशिष्ट 1 की कंडिका 6 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान है।

## सुदूर वनांचल इलाके में जल जीवन मिशन की हालत खराब

# चट्टानों से निकलने वाले पानी से तुर्रीपानी के ग्रामीणों की बूझती है प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की, इसके तहत कोरिया जिले में करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए, बावजूद अब तक इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। घरों के सामने नल के स्टैंड तो लगा दिए गए हैं, लेकिन उसमें पेयजल की सप्लाई कई पंचायत क्षेत्रों में अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

■ अब तक निर्माण कार्य भी है अधूरा

कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आज भी ढोढ़ी व तुर्रे से पेयजल प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन मशक्कत कर रहे हैं। इस तरह का हाल कोरिया जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में स्थित गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान के भीतर बसे वन्य ग्राम तुर्रीपानी के ग्रामीणों की प्यास गहरी खाई में चट्टानों के बीच निकल रहे तुर्रे से बुझ रही है। गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अंतिम छोर में उद्यान सीमा के भीतर चारों ओर से घने जंगलों से घिरे ग्राम तुर्रीपानी स्थित है। यहां की आबादी भी ज्यादा नहीं है, इसके बावजूद यहां पेयजल सुविधा के लिए माकूल व्यवस्था अब तक नहीं बनाई जा सकी है, इसके कारण यहां के ग्रामीणों को घने जंगलों के बीच स्थित पहाड़ के नीचे से निकलने वाले तुर्रे से ▶▶ शेष पेज 4 पर



चट्टान से पानी भरती महिलाएं।



पहाड़ की चढ़ाई कर ले जाती है पानी।

### पाइप लाइन बिछाई लेकिन वह भी क्षतिग्रस्त

जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीपानी के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में सोलर पंप लगाकर गांव में पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन का विस्तार किया गया था। वर्तमान में बिछाई गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया है,जिसके कारण सोलर पंप की सहायता से पेयजल सप्लाई करने की योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि सोलर पंप से पानी देने के लिए पाइप लाइन बिछी है, लेकिन वह क्षतिग्रस्त हो गया है और कुछ जगह तक पानी मिलता है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन से जहां पानी आ रहा है वह गर्म हो जाता है जिसके कारण लोग तुर्रे से ही पेयजल प्राप्त करते हैं, जिसका जल शीतल रहता है।

### खतरों के बीच लाते हैं पेयजल

गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान सीमा क्षेत्र में स्थित वन ग्राम तुर्रीपानी के ग्रामीणों को प्रतिदिन खतरो के बीच पहाड़ी के तुर्रे से पेयजल प्राप्त करने की मजबूरी है। जानकारी के अनुसार गांव के घने जंगल के बीच स्थित एक पहाड़ी की तलहटी में खाईयों के बीच से होकर नीचे उतरना पड़ता है, तब तुर्रा तक पहुंचते हैं और पेयजल प्राप्त करते हैं। पेयजल के लिए ज्यादातर परिवार की महिलाएं ही जुटती है। हालांकि कई परिवार के पुरूष परिवार भी सहयोग करते हैं। जंगलों के बीच जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है। इस क्षेत्र में भालू के साथ हाथी का खतरा बना रहता है, इसके अलावा गहरी खाई में स्थित तुर्रे के पास विषैले सर्प का भी खतरा बना रहता है, इसके बीच प्रतिदिन लोगों को पेयजल प्राप्त करने की मजबूरी है।

### पाइप बिछी पर टंकी ही नहीं

वन ग्राम तुर्रीपानी में भी जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने के लिए कार्य किया गया जो कि आधा-अधूरा ही है, जिसके कारण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है,जबकि यहां कुछ ही घर स्थित है जिन घरों तक पानी पहुंचाने की योजना भी फेल साबित हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीपानी में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाकर लोगों के घर के सामने नल के स्टैंड भी लगा दिए गए हैं, लेकिन पानी टंकी का निर्माण कार्य ही अब तक नहीं कराया गया है, जबकि जल जीवन मिशन का कार्य मार्च 2024 तक पूरा करना था। इस तरह जल जीवन मिशन की सिर्फ नल के पोस्ट लोगों के घर के सामने की शोभा बढ़ा रही है। पानी नहीं मिलने के कारण नल के पोस्ट पर जानवरों के बांधने का उपयोग किया जा रहा है।

### बरसात में पीते हैं ग्रामीण दूषित जल

ग्राम तुर्रीपानी में पेयजल के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को वर्ष भर पेयजल के लिए मशक्कत कर तुर्रे से पानी लाना पड़ता है, लेकिन बरसात के दौरान ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है। बरसात के दौरान तुर्रे से भी दूषित जल मिलता है, इसके कारण ग्रामीणों को बरसात तक शुरू पेयजल नहीं मिल पाता है। दूषित जल के उपयोग के कारण जलजनित रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।

### भू-जल की समस्या है

यहां भू-जल की समस्या है, इसके कारण ट्यूबवेल फेल हो जाता है। पेयजल के लिए सोलर पंप लगाकर पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई दिया गया है, जिसे कुछ स्थानों पर हाथियों ने पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिसके कारण अभी एक ही जगह से पानी गिर रहा है।

**-सीबी सिंह**, ईई पीएचई कोरिया

# उमस भरी गर्मी से राहत नहीं, तापमान 40 से पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

इस बार नौतपा में धरती खूब तपा और नौतपा के बाद भी तप रहा है हालत यह है कि नौतपा बीतने के 12 दिन बाद भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि नौतपा के बाद भी पारा 40 पार है।

■ दोपहर में चल रही गर्म हवाएं, आमजन हलाकान

जानकारी के अनुसार गुरूवार को शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर रहा और दोपहर तक तेज धूप लगती रही, लेकिन दोपहर बाहर आसमान में हल्के बादल छाए, लेकिन गर्म हवाएं देर अपरान्ह तक चलती रही, इसके कारण घर से बाहर निकलने वाले लोगों का शरीर गर्म हवाओं के थपेडे से झुलसते रहे। इसी तरह का हाल शुक्रवार को भी रहा दोपतर तक तेज धूप इसके बाद आसमान में बादल छाने लगे लेकिन गर्मी उमस से लोगो को राहत नही मिली। मौसम विभाग के अनुसार भीषण गर्मी से अभी राहत नहीं मिलने वाली है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पारा 40 पार होकर 42 तक अधिकतम दर्ज किया गया। इसी तरह आज व कल पारा 42 डिग्री सेल्सियस पर रहने की संभावना है इस बीच आज 15 जून को लू चलने की संभावना भी है। इस दौरान पूरे दिन तेज धूप खिली रहेगी ,जिससे कि लोगों को इस दौरान सूर्य की तेज तपिश से झूलसना पड़ेगा। जून का दूसरा सप्ताह होने पर भी तेज धूप का असर कम नहीं हो रहा है। लगातार आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप के असर से हवाएं गर्म हो रही है, इसके कारण भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रह है। यही कारण है कि तेज धूप के असर से बचने के लिए लोग दोपहर के समय घर में दुबके रहते हैं। जरूरत पड़ने पर सुरक्षा उपाय के साथ ही घर से बाहर निकलते हैं। हालत यह है कि अपरान्ह 5 बजे के बाद भी गर्म हवाओं से शरीर झूलस रहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



सड़क पर पसरा सन्नाटा।

### मानसून के पहुंचने का इंतजार

लगातार आसमान साफ रहने के कारण गर्मी जोरों की पड़ रही है, इससे लोग परेशान हो गए हैं और अब मानसून का इंतजार कर रहे हैं, ताकि गर्मी से राहत मिल सके। जून माह के तीसरे सप्ताह में तेज हवाएं चलने की संभावना है, इसके साथ ही कुछ जगहों पर बारिश होने की भी संभावना है। जिस तरह से धरती लगातार गर्म हुई है, ऐसे में शुरूआती बारिश के बाद भी ज्यादा राहत नहीं मिलेगी। प्री मानसून की शुरूआत में लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। लगातार कई दिनों की बारिश के बाद ही धरती ठंडी होगी और फिर गर्मी उमस से राहत मिल सकेगी।

# पीईटी-पीपीएचटी के लिए हुई प्रवेश परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के साथ ही कई प्रवेश परीक्षा व भर्ती परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया। अब तक कई प्रवेश परीक्षा आयोजित हो चुकी है और कई परीक्षाओं का होना बाकी है।

गुरूवार को छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा गुरूवार को पीईटी/पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में किया गया। इस बार इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीईटी में कुल दर्ज परीक्षार्थियों में से आधे से भी कम परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार पीईटी परीक्षा में 39.85 प्रतिशत ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह दूसरे पाली में पीपीएचटी की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें भी में आधे से कम परीक्षार्थी सम्मिलित रहे। इस परीक्षा में 45.34 परीक्षार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में पीईटी परीक्षा के लिए पीजी कॉलेज बैकुंठपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। इसमें कुल दर्ज 276 परीक्षार्थियों में से 110 परीक्षा में उपस्थित रहे और 166 अनुपस्थित। इसी तरह द्वितीय पाली में पीईटी/पीपीएचटी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### एक सप्ताह बाद पीपीटी और टीईटी की परीक्षा

जानकारी के अनुसार छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा एक सप्ताह बाद 23 जून को पीपीटी परीक्षा का आयोजन किया गया। इसी दिन टीईटी की परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा इसी माह के अंत में प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की प्रवेश परीक्षा निर्धारित की गई है। इसमें इस बार बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने फार्म भरा है, इसके कारण प्री बीएड एवं डीएलएड प्रवेश परीक्षा में सबसे परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके बाद जुलाई माह में नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी बने नायर

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल के नए प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने पदभार ग्रहण किया है। स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर एक अनुभवी और उच्च शिक्षित अधिकारी जाने जाते हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान में एमएससी तथा मौसम विज्ञान में पीजी डिप्लोमा हासिल की है। स्क्वाड्रन लीडर नायर एक क्वालिफाइड ग्राऊंड इंस्ट्रक्टर हैं तथा वायु सेना अकादमी हैदराबाद में अपनी सेवाएं प्रशिक्षक के रूप में दे चुके हैं।

# रक्तदान कर दूसरों को भी प्रेरित करें: झा

**बैकुण्ठपुर।** शहर के एसईसीएल डिस्पेंसरी में बैकुंठपुर क्षेत्र के जीएम बीएन झा ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। करीब 30 यूनिट रक्तदान लोगों ने किया। 14 जून को एचएमएस के महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा का जन्मदिन होने के कारण वे विगत लंबे समय से रक्तदान कर दूसरों को भी प्रेरित करते आ रहे हैं। इस लिहाज से श्रमिक नेता श्री मिश्रा ने पहले रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की, उनके साथ आनंद राजवाडे, देवेन्द्र जायसवाल, महेश कुमार, अभिषेक द्विवेदी, जय कुमार, सोनू,ओम प्रकाश, दिनेश शर्मा, ▶▶ शेष पेज 4 पर



रक्तदान के दौरान उपस्थित जीएम बीएन झा।



सम्मानित करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष।

# 18 से 10 जुलाई तक मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार नवीन शिक्षा सत्र के पूर्व की तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा समस्त बीईओ, प्राचार्यो एवं समस्त संकुल समन्वयकों की विकाखंडवार बैठक ली गई।

नवीन शिक्षा सत्र में शासन के निर्देशानुसार 18 जून से 10 जुलाई तक प्रत्येक शाला में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाना है एवं प्रवेशित छात्रों का चंदन-रोली लगाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान करना है। आयोजन में पालकों, जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में न्योता भोज का भी आयोजन किया जाना है। छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नवीन शिक्षा सत्र के लिए जारी समस्त निर्देशों का बीईओ, एबीईओ, बीआरसी एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि आरटीई के तहत नवीन चयनित बच्चों का प्रवेश शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा पूर्व छात्रों का एवं शाला छोड़ चुके ड्रॉप आउट छात्रों की उपस्थिति एवं निरंतरता बनाए रखने के लिए नोडल प्राचार्यो को निर्देशित किया गया। साथ ही शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता,परिसर की स्वच्छता, गणवेश की उपलब्धता, जल की उपलब्धता एवं ▶▶ शेष पेज 4 पर





बैठक में उपस्थित अधिकारी व शिक्षक ।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति बैठक ली।

बैठक में उन्होंने संभावित ब्लैक स्पॉट चयन करने के साथ ही राष्ट्रीय व राजकीय मार्ग पर चिन्हांकित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रायविंग लायसेंस के निलंबन की कार्रवाई करने तथा दुर्घटना से बचाव संबंधित व्यवस्था दुरूस्त करने एवं सुरक्षा मानकों के पालन करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में जिले में संचालित सभी स्कूल बसों का परीक्षण स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई गाईड लाईन के अनुसार बिंदुवार जांच करने के निर्देश दिए।




उन्होंने पुलिस थाना व चौकियों से तेज व खतरनाक रूप से वाहन संचालन एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रायविंग लायसेंस की निलंबन की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को भेजने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने पिकअप वाहनों पर सवारी लाने ले जाने वालों पर सतत निगरानी और उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से रात्रि गस्त बढ़ाने तथा होटल ढाबो का निरंतर निरीक्षण कर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर श्री लंगेह ने फुटपाथ, पार्किंग सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ स्कूल, कॉलेज व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर यातायात के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में दुर्घटनाओं के शिकार हुए लोगों की तत्काल मदद व चिकित्सा के लिए ट्रामा सेंटर की स्थापना किए जाने की बात कही। स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन करने साथ ही ऐसे व्यक्ति जिन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की सहायता हो उन्हें सम्मानित किए जाने पर बल दिया। विदित हो कि व्यक्ति जिन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की सहायता हो उन्हें पांच हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाता है। बैठक में अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके सतपती, जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बरगीडीह में पलटा बारातियों से भरा ट्रैक्टर, एक दर्जन लोग घायल

**अम्बिकापुर।** लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी लोग मालवाहक वाहनों से आवागमन करने से बाज नहीं आ रहे है। बीती रात भी लुंड्रा के बरगीडीह में बारातियों से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग चोटें आईं7

हैरानी की बात तो यह है कि दुर्घटना की जानकारी अगले दिन तक पुलिस को नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड एक ग्राम कुदर के ग्रामीण शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम बरगीडीह आए हुए थे। ट्रैक्टर में 24 से 25 लोग सवार थे। रात को वापस लौटते समय 10.30 बजे गाजरमुड़ा के समीप चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे दो दर्जन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी और पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि शादी से लौटने के दौरान चालक शराब के नशे में धुत्त था और तेज गति से वाहन चला रहा था।




## खबर संक्षेप

### दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 जून को दसवां अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन मिनी स्टेडियम शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बैकुंठपुर में प्रातः 7 से 8 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारियों को कार्यों का दायित्व सौंपा है। उन्होंने कार्य दायित्व सौंपे गए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 18 जून को समय-सीमा की बैठक में सौंपे गए कार्यों के प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। **मनेन्द्रगढ़** में इस वर्ष भी 21 जून को दशम अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन कराए जाने के लिए दिशा-निर्देश राज्य शासन से प्राप्त हुए हैं, इसके तहत समस्त ग्राम स्तर, जनपद स्तर तथा जिला स्तर पर वृहत रूप से अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन किया जाना है। जिला स्तर पर अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के क्रीडा परिसर में 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा, इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा तथा विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 21 जून को योग दिवस का आयोजन जिला स्तरीय सभी विभागों को आपसी समन्वय करते हुए विभागीय प्रशिक्षित योग शिक्षकों से योगाभ्यास कराते हुए, तथा कम से कम 500 व्यक्तियों को योगाभ्यास में सम्मिलित किया कराया जाए, इसे सर्व प्राथमिकता दें।

### वी क्लब डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस मनेन्द्रगढ़ में

**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन आफ वी क्लब्स आफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट की डि. कांन्फ्रेंस मनेन्द्रगढ़ में होटल हसदेव इन में 15 एवं 16 जून को आयोजित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मुंबई डॉ. कांता नलावड़े के मुख्य आतिथ्य, पूर्व डिस्ट्रिक्ट



गवर्नर ला.रंजना क्षेत्रपाल, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में डिस्ट्रिक्ट कांन्फ्रेंस एवं नवीन सत्र के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। उपरोक्त आयोजन में 26 वी क्लबों के 150 सदस्य मौजूद रहेंगे। समारोह के मद्देनजर व्यापक तैयारियां आरंभ कर दी गई है। जानकारी देते हुए क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट श्रीमती अनीता फरमानिया ने बताया कि उपरोक्त आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल करेंगी। उपरोक्त गरिमामयी समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया जाएगा, इसके साथ ही साथ सत्र 2024-2025 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन होगा। इसमें नई टीम के पदाधिकारी शपथ लेंगे। साथ ही साथ नई डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अपने सत्र के बारे में जानकारियां देते हुए अपना स्लोगन, अपना प्रोजेक्ट तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारियां भी देंगी।

### रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए स्थानीय लोगों को जोड़ेगा विभाग

# वन विभाग अभियान चलाकर करेगा दो लाख पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग इस साल भी वृहद पैमाने पर पौधरोपण करने अभियान चलाएगा। विभाग ने विभिन्न प्रजाति के 2 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। रोपे गए पौधों की सुरक्षा को लेकर विभाग ने अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया। पौधरोपण के लिए पौधों का चयन करने के दौरान स्थानीय जरूरतों का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि लोग स्वाभाविक रूप से पौधों से जुड़े रहें तथा उसका ख्याल रखें।

**खास बात**

- विलुप्त प्रजतियों के साथ बड़ पीपल के के रोपण पर जोर

वन विभाग हर साल बरसात में विभिन्न प्रजाति के पौधों को रोपित करने की औपचारिकता करता है। देख-रेख के अभाव में कुछ समय बाद ही पौधे गायब हो जाते हैं। वन क्षेत्र के खाली भूमि में भी विभाग बड़े पैमाने पर पौधरोपण करता है जिसका नामोनिशान तक दिखाई नहीं देता। वास्तव में विभाग का पौधरोपण अभियान खानापूर्ति मात्र बनकर रह गया है। पौधरोपण अभियान खानापूर्ति तक न सिमटा रहे इसलिए विभाग ने इस बार अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया है साथ ही रोपणी का नामकरण देवगुड़ी एवं देवी-देवताओं के नाम पर करने का निर्णय लिया है। वन अधिकारियों का मनना है कि ग्रामीणों का देवगुड़ी एवं देवी-देवताओं से काफी लगाव होता है। रोपणी को धर्म से जोड़ने पर ग्रामीण पौधों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा किसी भी हाल में पौधों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। विभाग ने हर प्लाटेशन में प्रमुखता के साथ बड़, पीपल सहित फाइकस प्रजाति के पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया है। धार्मिक मान्यताओं के कारण लोग वैसे भी बड़र पीपल एवं पाकड़ के पौधों को कोई भी क्षति नहीं पहुंचाता। विभाग ने इस बार कलम विधि से बड़ी संख्या में बड़, पीपल के बड़े-बड़े पौधों को तैयार किया है जिन्हें वर्षा होने के बाद अलग-अलग स्थानों पर रोपित किया जाएगा। पौधों की सुरक्षा के लिए विभाग ग्रामीणों को बिगड़ते पर्यावरण की जानकारी देकर पेड-पौधों की भूमिका से अवगत कराएगा। स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका के बिना केवल वन अमले के दम पर पौधों की सुरक्षा संभव नहीं है इसलिए वन अधिकारियों ने अभियान से क्षेत्र के लोगों को भी जोड़ने का निर्णय लिया है।



वन विभाग के नर्सिरी में तैयार पौधे।

#### स्कूल-कॉलेज एवं मंदिर परिसर में होगा पौधरोपण

वन अधिकारियों ने स्कूल-कॉलेज एवं मंदिर परिसर की खाली भूमि मं भी पौधरोपण करने का निर्णय लिया है। स्कूल-कॉलेज परिसर में फलदार व फूलदार पौधे जबकि मंदिरों में बड़ एवं पीपल के पौधों का रोपण किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज परिसर में फलदार पौधों के साथ नीम, गुलमोहर, अशोक आदि के छायादार पौधे रोपित किए जाएंगे। बड़े होने पर इनसे फल के साथ ही बच्चों को छाया मिलेगी।

#### स्थानीय जरूरतों पर ध्यान

वन क्षेत्र में विभाग ग्रामीणों की जरूरतों का ध्यान रखकर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करेगा। वन क्षेत्र में विभाग विनाश की कगार पर पहुंच कुल्लु, समुदाय, बीजा, शीशम के साथ ही बड़ी संख्या में सागौन, महुआ एवं बांस का रोपण करेगा। महुआ से ग्रामीणों को आर्थिक लाभ होगा। कुल्लु पेड़ से निकले गोंद का उपयोग खाद्य एवं कन्फेक्शरी उद्योग में होता है। यह चट्टानी भूमि में भी जीवित रहता है। इसी तरह ग्रामीणों के लिए अर्थोपार्जन के उपयुक्त अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा।

#### ग्रोथ हार्मोन का होगा उपयोग

पौधरोपण के रौदान गोबर खाद के साथ ही ग्रोथ हार्मोन हाइड्रोजिल का उपयोग किया जाएगा ताकि पौधे जल्द विकसित हों। हाइड्रोजित पानी को खोता है वहीं गोबर खाद पानी खोने के साथ मिट्टी को मुलायम कर उर्वरा क्षमता को बढ़ाता है। इनके उपयोग से पानी कमी होने पर भी पौधे आधिक समय तक जिंदा रहेगे।

#### चल रही तैयारियां

विभाग द्वारा वर्षाकाल में 2 लाख पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की तैयारियां की जा रही है। पौधरोपण के लिए विनाश की कगार पर पहुंचे प्रजातियों के साथ ही बड़, पीपल एवं स्थानीय जरूरतों के अनुकूल किस्मों के पौधे तैयार किए गए हैं।

-**तेजश शेखर**, डीएफओ, सरगुजा



# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने व राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे अवैध अतिक्रमण को आज प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति में जेसीबी से ढहा दिया गया।

- अधिकारी रहे मौके पर मौजूद

गौरतलब है कि ग्राम कुनकुरी निवासी वीरेंद्र सिंह द्वारा अवैध रूप से किराया में देने कॉपलेक्स निर्माण बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने खाली पड़े भूमि पर किया जा रहा था। 6 रूम बनकर तैयार हो गया था जिसको देखकर बाकी खाली भूमि पर ग्राम सिलमा निवासी बुद्धसागर पैकरा द्वारा 6 रूम का निर्माण किया जा रहा था जिनके पूर्वज वर्षों पूर्व 12 एकड़ 84 डिसमिल जमीन स्कूल के नाम पर दान दिया गया था। इधर अवैध अतिक्रमण मामला संज्ञान में आते ही सीतापुर अनुविभागीय अधिकारी रवि राही द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया। जांच उपरांत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे खाली पड़े शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करते हुए कांप्लेक्स निर्माण करते पाया गया। जिस पर प्रशासन की टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने वीरेंद्र सिंह को 10 जून तक निर्देशित किया गया था जिसे निश्चित समय तक नहीं हटाया गया जिस पर पुलिस और प्रशासन टीम द्वारा मौके पर उपस्थित होकर अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। इस दौरान सीतापुर एसडीएम रवि राही, तहसीलदार तारा सिदार,बतौली थाना प्रभारी चंद्र प्रताप तिवारी सहित पुलिस टीम उपस्थित थे।

### वी क्लब डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस मनेन्द्रगढ़ में

**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन आफ वी क्लब्स आफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट की डि. कांन्फ्रेंस मनेन्द्रगढ़ में होटल हसदेव इन में 15 एवं 16 जून को आयोजित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री मुंबई डॉ. कांता नलावड़े के मुख्य आतिथ्य, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.रंजना क्षेत्रपाल, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में डिस्ट्रिक्ट कांन्फ्रेंस एवं नवीन सत्र के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। उपरोक्त आयोजन में 26 वी क्लबों के 150 सदस्य मौजूद रहेंगे। समारोह के मद्देनजर व्यापक तैयारियां आरंभ कर दी गई है।

## पेज 3 का शेष...

### चट्टानों से...

ग्रामीण पेयजल प्राप्त करते हैं, इसके लिए हर परिवार की महिलाएं सुबह होने के साथ ही पेयजल के लिए पहाड़ के नीचे स्थित तुर्रे पर पहुंच कर अपने घर तक मुश्किल से पेयजल लाने की मजबूरी है। यह ग्रामीण परिवारों के आदत में शुमार हो गया है, यह विडंबना ही है कि हर घर तक पेयजल के लिए करोड़ों रूपए फूंकने के बाद भी ग्रामीण परिवारों को आज भी पेयजल के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार राष्टीय उद्यान सीमा के भीतर स्थित तुर्रीपानी की विरल बसाहट है और आबादी भी कम है। ग्राम तुर्रीपानी के लोग वर्षो से जंगलों के बीच पहाड़ के नीचे चट्टान के बीच से निकलने वाले तुर्रे से ही अपनी प्यास बुझाते आ रहे हैं इस कारण इस गांव का नाम तुर्रीपानी पड़ा।

### उमस भरी गर्मी ...

बिन बरसे ही छॅट रहे बादल- कोरिया जिले में दो दिनों से अपरान्ह होने के साथ ही आसमान में बादलों का उमड़ना घूमड़ना दिखाई देता है, जो शाम ढलते तक बना रहता है। इस दौरान कई बार घना बादल भी छा जाता है, लेकिन बिन बरसे ही बादल छॅट जा रहे हैं, इसके कारण धूप नहीं होने पर भी लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। अब आगामी कुछ ही दिनों में बारिश होने की संभावना है। जब तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है,तब तक लोगों को गर्मी उमस से राहत नहीं मिलेगी।

### पीईटी-पीपीएचटी के ...

परीक्षा दो केन्द्रों में आयोजित की गई। परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज में कुल 400 में 176 उपस्थित रहे तथा 224 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श रामानुज हाईस्कूल में कुल दर्ज 105 परीक्षार्थियों में 53 उपस्थित तथा 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल दर्ज 505 में 229 परीक्षा में शामिल हुए और 276 अनुपस्थित रहे।

### रक्तदान कर दूसरों ...

ज्ञानेन्द्र पांडेय, अशोक निर्मलकर,मुकेश कुमार, संतोष कुमार, आशीष शुक्ला, लक्षमण नायक, गोलू गुप्ता, अजय, राकेश चक्रधारी, अजय राठिया, धर्मेन्द्र कुमार, भोला सिंह,कमलेश गुप्ता, विक्की सांवरे, बालकृष्ण आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान एचएमएस के महामंत्री योगेन्द्र कुमार मिश्रा का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान आशीष शुक्ला, अरविंद सिंह, गंगा गुप्ता, समीर जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के जीएम बीएन झा, क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक आरआरआर लकड़ा, सीएमएचओ कोरिया डॉ. आरएस सेंगर, सीएमओ रीजनल अस्पताल चरचा डॉ.संजय सिंह, डिप्टी सीएमओ एके बिराजी, एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि यादव, श्रीमती अनुराधा सैमुअल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 18 से 10 ...

शाला त्यागी बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं समस्त छात्रों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छात्रों, पालकों एवं जन-प्रतिनिधियों से समुचित व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया है। इको क्लब के माध्यम से परिसर में पौधरोपण तथा उपलब्ध साधन के अनुसार किचन गार्डन का निर्माण करना सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया। शालाओं में कार्यरत शिक्षकों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में अनिवार्य रूप से प्रविष्ट करने का निर्देश देते हुए बैठक समाप्त की गई। बैठक में विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ सुरेन्द्र जायसवाल, सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ बीरेन्द्र पाण्डेय, बीआरसी सुंदरराम कैवर्त, आरटीई नोडल टी.विजय गोपाल राव, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी खड़गवां बलविंदर सिंह, बीआरसी ओम पैकरा एवं समस्त नोडल प्राचार्य उपस्थिति रहे।

## बालको विभिन्न पहल के माध्यम से सड़क सुरक्षा संस्कृति को दे रहा बढ़ावा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), कोरबा बल्क पेट्रोलियम टर्मिनल प्लांट में लाइव फायर ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। व्यापक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में 50 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग से निपटने तथा रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अग्नि आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रोटोकॉल तथा सीपीआर प्रशिक्षण भी शामिल था।

बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कंपनी ने विभिन्न पहल का आयोजन किया है। कंपनी संयंत्र में परिसर के साथ-बालको टाउनशिप में यातायात नियमों को लागू करके सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने में भी योगदान दे रहा है।

**बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार:**

बालको के सीईओ श्री कुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली और सर्वोपरी प्राथमिकता है जो कंपनी की कार्य संस्कृति मंक शामिल है। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। कंपनी अपने संयंत्र के साथ-साथ समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी सड़क सुरक्षा पर विभिन्न पहल क मदद से कर्मचारियों के साथ-साथ स्कूल के विद्यार्थियों तथा लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**बालकोनगर थाना प्रभारी श्री अभिनव कांत सिंह:**

थाना प्रभारी श्री सिंह ने सभी से सड़क यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते सभी लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। हम सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इस संकल्प को पूरा करने के लिए सभी नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बालको ने वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए भरपूर सहयोग दिया है। सड़क सुरक्षा को देखते हुए बालको द्वारा थर्मोप्लास्टिक मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग और रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड लगाना सराहनीय कार्य है।

**बालकोनगर वार्ड-39 के पार्षद श्री लुकेश्वर प्रसाद चौहान:**

पार्षद श्री चौहान ने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास पहल के मदद से समुदाय में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल किये है। औद्योगिक संगठन के रूप में कंपनी ने हमेशा समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधित सभी नियमों से लगातार



अवगत करवाने का प्रयास किया है। छात्र-छात्राएं भविष्य के ड्राइवर हैं कंपनी इस बात को गंभीरता से समझते हुए उन्हें जागरूक करने का कार्य कर रहा है।

**बालको के सड़क सुरक्षा गार्ड श्री दिलीप कुमार:**

सुरक्षा गार्ड दिलीप कुमार ने कहा कि कंपनी सभी की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए बालको संयंत्र परिसर में 30 और टाउनशिप में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा तय की है। मुझे खुशी है कि कंपनी द्वारा सुरक्षा संस्कृति को मजबूती प्रदान करने में मेरी भी भागीदारी है। स्पीडोमीटर की मदद से हम सड़क पर गति सीमा से तेज चलने वाले वाहनों की निगरानी करते हैं। कंपनी में ट्रैफिक नियमों का पालन पूरी तरह से किया जाता है।


विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वमंगला मंदिर के डायवर्सन से रिंग रोड पर भारी वाहनों के बढ़े दबाव को देखते हुए कंपनी ने रिश्दी से ध्यानचंद चौक तक की सड़क के जिर्णोद्धार सहित रिश्दी से रुमगढ़ा तक जगह-जगह पर चौड़ीकरण का कार्य किया। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है। कंपनी ने आग से बचाव के उपाय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है।

हरिभूमि के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


















हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता रामचरित द्विवेदी
हरिभूमि प्रतिनिधि मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी.
8319651960, 9425583677



---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**श्याम बिहारी जायसवाल**
स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विधायक - मनेन्द्रगढ़ विधानसभा

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**वेंकटेश सिंह**
उपाध्यक्ष
युवा कांग्रेस एम.सी.बी. मनेन्द्रगढ़

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**वनमंडलाधिकारी**
वनमंडल मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी.बी., (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**एके नर्सिंग कॉलेज**



एके ओझा
संचालक
पता - पानी टंकी के पास चैनपुर मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**विकासखंड शिक्षा अधिकारी**
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**इशहाक खान**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**परिवहन जांच चौकी**
खोंगापानी, मनेन्द्रगढ़
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**शंकर राव**
लेखापाल
नगर पालिका परिषद
जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**शरण सिंह**
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**अनीता फरमानिया**
डि. प्रेसिडेंट मनोनित
द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**सुरेश श्रीवास्तव**
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिक परिषद मनेन्द्रगढ़

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**जसवीर सिंह कालरा**
अध्यक्ष
हास्य योग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़
एवं समस्तगण

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**गुलाब कमरो**
पूर्व विधायक
भरतपुर - सोनहत विधानसभा

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़**
(एडमिशन ओपन) 2024-25
एम. सी. बी. जिले में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान
9770235280, 6266158677

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**अशोक श्रीवास्तव**
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी एम. सी. बी.

---

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**ब्लासम एकेडमी स्कूल**
कॉलेज रोड मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी.
जसपाल सिंह कालरा
डायरेक्टर
सोनिया कालरा
प्राचार्या
एवं समस्त शिक्षकगण

14-JUN-KORIYA-BHOOMI-pg-6-FULL PAGE_Layout 1 6/14/2024 9:47 PM Page 1





















